राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल को पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर, 21 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को सोमवार को राजभवन में लेखिका मनस्विनी अग्रवाल ने अपनी पुस्तक 'द रनअवे प्रिंसेज ऑफ इनचौन्टेड' की प्रथम प्रति भेंट की।

इस दौरान उनकी माता श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल और पिता श्री विकास अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

————————

## वित्तीय सलाहकार संध्या शर्मा की कप्तानी में खेली टीम रही विजेता

## राज्य लेखा सेवा टीम ने मेडिकल विभाग की टीम को हराकर प्राप्त किया पदक

जयपुर, 21 नवम्बर। चौथी राजस्थान स्टेट सिविल सर्विसेज सी.एस. चौलेंजर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में राजभवन में पदस्थापित वित्तीय सलाहकार श्रीमती संध्या शर्मा की कप्तानी में खेली राज्य लेखा सेवा की टीम विजेता रही। इस टीम ने चिकित्सा सेवा टीम पर विजय प्राप्त कर राजस्थान स्टेट सिविल सर्विसेज सी.एस. चौलेंजर कप बैडमिंटन ट्रॉफी प्राप्त की है।

कार्मिक विभाग, राजस्थान के तत्वावधान में सवाई मानसिंह स्टेडियम में 19 से 21 नवम्बर 2021 तक हुई इस प्रतियोगिता में विजेता रही टीम को सोमवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा ने सीएस चौलेंजर कप प्रदान कर सम्मानित किया।

—————